आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.10.2023 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि– जल्द ही कर्मचारी चयन आयोग सभी बाईस भारतीय भाषाओं में प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करेगा।
- गांधी जयंती के अवसर पर कल उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने जन प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।
- द्वीपसमूह में अग्नि सुरक्षा और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत बनाने के लिए अग्नि मित्र योजना शुरू की गई है।
- सुनामी संचार प्रणाली के जांच परख के लिए कल बनावटी अभ्यास किया जाएगा।
- सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कल अंडमान निकोबार के द्वीपिका सभागार में अंगदान महोत्सव पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

<><><><><><>

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में कर्मचारी चयन आयोग सभी बाईस भारतीय भाषाओं में प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करेगा। उन्होंने कहा, सरकार का इरादा सभी इच्छुक उम्मीदवारों को भाषाई बाध्यताओं से परे समान अवसर प्रदान करना है। कल नई दिल्ली में भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, इस वर्ष से कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाएं हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा ग्यारह क्षेत्रीय भाषाओं के साथ कुल तेरह भाषाओं में आयोजित की जा रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जे.ई.ई, एन.ई.ई.टी और यू.जी.सी परीक्षाएं भी बारह भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं और इस ऐतिहासिक निर्णय से स्थानीय युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

<><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर कल उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, नगरपालिका परिषद अध्यक्षा एस. सेल्वी, पार्षद लक्ष्मी गणेशन, पुलिस महानिदेशक

देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, आयुक्त व सचिव निखिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक टी. एस. अशोक कुमार सहित पुलिस प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी महात्मा गांधी को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। उपस्थिति ने दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

<><><><><><><>

अग्निशमन सेवा की ओर से द्वीपसमूह में अग्नि सुरक्षा और प्रतिक्रिया तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए अग्नि मित्र नामक योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य अग्नि दुर्घटनाओं और आपात स्थिति के दौरान सहायता के लिए नागरिक समुदाय से स्वयंसेवकों के सामर्थ्य का उपयोग करना है। इसके अंतर्गत एक प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाकर स्वयंसेवकों को अग्नि दुर्घटना, आपदा और आपातकालीन स्थिति के दौरान की जाने वाली सुरक्षा गतिविधियों से अवगत कराया गया। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भौगोलिक रूप से एक संवेदनशील स्थान माना जाता है। योजना के तहत अब तक एक सौ सड़सठ अग्नि मित्रों की पहचान कर उन्हें अधिकारियों द्वारा बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया है।

<><><><><><><>

भारतीय महासागर, सुनामी चेतावनी और इसके असर को कम करने की प्रणाली का अंतरराष्ट्रीय समन्वय समूह कल इन्कॉइस के साथ मिलकर सुनामी संचार अभ्यास को अंजाम देगा। इस दौरान सुनामी की चेतावनी प्रणाली की निगरानी और समीक्षा कर राज्यों में संचालन से जुड़ी खूबियों और खामियों का पता लगाया जाएगा। आपदा प्रबंधन के संचार नियमों के तहत सुनामी की चेतावनी और आपात स्थिति में प्रतिक्रिया की जांच परख की जाएगी। इन्कॉइस द्वारा अंडमान सागर में एक बड़े भूकंप से ऊपजी सुनामी की आभासी चेतावनी दी जाएगी और सभी तटीय राज्यों के चेतावनी संचालन केन्द्रों को सक्रिय कर इनकी संचार प्रणाली की जांच होगी। प्रशासन भी इस अभ्यास में हिस्सा ले रहा है। कल सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होने वाले इस बनावटी अभ्यास से लोगों को न घबराने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से द्वीपसमूह में अक्टूबर माह के दौरान विशेष आधार शिविर आयोजित किए जाएंगे। तीनों जिलों की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आधार से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह शिविर आज से आरंभ होकर इक्कतीस अक्टूबर तक चलेंगे। आज ग्राम

पंचायत मीठाखाड़ी, नमूनाघर और वी.के पुर में शिविर लगेगा। यह शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर शाम साढ़े चार बजे तक चलेंगे। लोगों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कल अंडमान निकोबार के द्वीपिका सभागार में अंगदान महोत्सव पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य अंगदान के महत्व और इस जीवनदायी सेवा को रेखांकित करना था। इस दौरान विभिन्न चिकित्सकों द्वारा अंगदान की प्रक्रिया और इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में पारि पर्यटन, साहसिक गतिविधियों, वन्यजीव तथा धरोहर पर्यटन की बढ़ती मांग को देखते हुए पर्यटन विभाग अब लग्ज़री टेन्ट नीति लाने जा रहा है। विभाग की ओर से इस नीति का मसौदा तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य आने वाले पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ आरामदायक अनुभव प्रदान करना है। इस नीति के मसौदे में दूरस्थ क्षेत्रों में ठहरने के लिए लग्ज़री टेन्ट स्थापित करने, इनके संचालन और प्रबंधन की रूपरेखा तैयार की गई है। यह मसौदा हितधारकों और जनता के सुझावों तथा टिप्पणियों के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। लोग पन्द्रह अक्तूबर तक अपने सुझाव और टिप्पणियां पर्यटन निदेशक को ई–मेल के जरिए भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन प्रभाग में मजदूर के एक सौ तैंतीस पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार सत्ताईस अक्तूबर तक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में रिक्त पड़ी कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं की सींटों पर प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री के जरिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे है। इसके जरिए आकदमिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार विद्यालय के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवदेन करने की अंतिम तिथि इक्कतीस अक्टूबर है। प्रवेश के लिए परीक्षा दस फरवरी को आयोजित होगी।

<><><><><><><>

जलयान सिन्धु दस अक्टूबर को ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। यह जहाज सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और बारह तारीख को सुबह आठ बजे  इसी मार्ग से होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा। एम वी भारत सीमा बारह अक्टूबर को लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा और कच्छाल होते हुए ननकौड़ी जाएगा। यह जहाज़ सुबह सात बजे छूटेगा और पन्द्रह अक्टूबर को सुबह पांच बजे इसी मार्ग से होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><><>